हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 99

बुधवार, 2 मार्च, 2016/12 फाल्गुन, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

1. **प्रश्नोत्तरः**

(I) **तारांकित प्रश्नः**

तारांकित प्रश्न संख्या 2668 तथा 2669 के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 2670 से 2696 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1173 से 1181 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12.00 PM

अध्यक्ष द्वारा घोषणा

माननीय अध्यक्ष ने कहा कि इससे पहले कि मैं अगली आईटम लूं, मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा कि वे प्रश्नकाल को सीरियसली लें। एक ही प्रश्न पर आधे घण्टे से ज्यादा का समय लग जाए यह उचित नहीं है। यदि कोई माननीय सदस्य किसी बात से संतुष्ट नहीं है तो वह उस मामले को किसी और नियम के माध्यम से सदन में उठा सकता है।

2. सदन की समिति के प्रतिवेदनः

श्री खूब राम, सभापति, कल्याण समिति (वर्ष 2015-16) ने समिति का 24वां कार्रवाई प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 15वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा)(वर्ष 2014-15) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

12-03 PM

3. नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्तावः

श्री सतपाल सिंह सत्ती ने निम्न ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा चर्चा की :-

" दिनांक 24 फरवरी, 2016 को ज़िला ऊना में, गांव सानन के एक समारोह में झण्डा चढ़ाने की रस्म के दौरान बिजली का करंट लगने से हुई मौतों" से उत्पन्न स्थिति।

माननीय बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं उर्जा मन्त्री ने उत्तर दिया।

श्री सतपाल सिंह सत्ती ने स्पष्टीकरण मांगा।
माननीय मुख्य मन्त्री ने उत्तर दिया।

12-14 PM

4. **नियम-61 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा** ः

श्रीमती आशा कुमारी, ने निम्न विषय पर चर्चा उठाई ः-

"दिनांक 29 फरवरी, 2016 को उत्तरित तारांकित प्रश्न संख्या 2615" के उत्तर से उत्पन्न विषय।"

माननीय शहरी विकास मन्त्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

माननीय सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री ने स्पष्टीकरण दिया।

12.30 PM

5. **राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चाः**

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

i. श्री नन्द लाल, मुख्य संसदीय सचिव

(अपराह्न 1.00 बजे सदन की बैठक भोजनावकाश के लिए अपराह्न 2.00 बजे तक स्थगित हुई)

(अपराह्न 2.00 बजे सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)

राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आगे चर्चा जारी :-

ii. श्री रविन्द्र सिंह

iii. श्री मनसा राम, मुख्य संसदीय सचिव

iv. श्री बिक्रम सिंह जरयाल

v. श्री इन्द्र दत्त लखनपाल, मुख्य संसदीय सचिव

vi. श्री विनोद कुमार

vii. श्री बलबीर सिंह वर्मा

viii. डॉ0 राजीव बिन्दल

(माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री ने हस्तक्षेप किया)

ix श्री राम कुमार

x श्री गोविन्द राम शर्मा

(सांय 5.00 बजे सदन की बैठक सांय 5.30 बजे तक बढ़ाई गई)

(सांय 5.10 बजे सदन की बैठक वीरवार, 3 मार्च, 2016 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई)